सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 154 | इंदौर, मंगलवार 12 दिसंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. VHP: 'अनुच्छेद 370 इतिहास, अब पीओके को आजाद कराने का समय', विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष का बयान
2. USA: इस्राइल द्वारा लड़ाई में सफेद फास्फोरस के इस्तेमाल की खबरों से अमेरिका परेशान, हड्डियां तक जला सकता है!
3. रिटायर्ड अफसर की बेटी से गैंगरेप: दो जिले... 20 KM तक दौड़ती कार में नोचते रहे दरिंदे, बड़ा सवाल- कहां थी पुलिस
4. IND vs SA Playing-11: भारत और द. अफ्रीका के बीच दूसरा टी20 आज, गिल-ऋतुराज करेंगे ओपनिंग या यशस्वी को मौका?
5. Ayodhya : रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले 60 घंटे होगा पूजन, 17 जनवरी से ही शुरू हो जाएंगे अनुष्ठान
6. US: अमेरिका में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार भारतवंशी रामास्वामी को मिली जान से मारने की धमकी, आरोपी गिरफ्तार
7. UP: थप्पड़ मारने पर ई-रिक्शा चालक ने साथियों संग छात्र को मार डाला, कांच से रेता गला... पत्थर से कूंचा सिर

### कल शपथ लेंगे मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री और भाजपा शासित राज्यों के सीएम होंगे शामिल

# नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण की तैयारी शुरू



**कमलनाथ सीएम को बधाई देने के लिए पहुंचे**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्यप्रदेश के नए मुख्यमंत्री के तौर पर मोहन यादव के नाम पर मुहर लग गई है। सोमवार को भाजपा विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से उन्हें विधायक दल का नेता चुन लिया गया। शिवराज सिंह ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका सभी विधायकों ने समर्थन किया। मोहन यादव उज्जैन दक्षिण से विधायक हैं। वे ओबीसी वर्ग से आते हैं। संघ के करीबी हैं। मोहन यादव बुधवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करेंगे। आज सुबह पूर्व मुख्यमंत्री और पीसीसी चीफ कमलनाथ नए सीएम को बधाई देने के लिए उनसे मिलने पहुंचे।

13 दिसंबर को दोपहर 12 बजे भोपाल के मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में शपथ ग्रहण समारोह होगा। जिसमें मोहन यादव मुख्यमंत्री के रूप में और जगदीश देवड़ा व राजेंद्र शुक्ला डिप्टी सीएम के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ लेंगे। संभावना है कि कुछ विधायक भी मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं।

मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी चल रही है। यहां डोम बनाया जा रहा है, जिसमें 2000 लोगों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। मंच पर दो दर्जन वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। अतिथियों के लिए लाल परेड मैदान में तीन हेलीपैड बनाए जा रहे हैं। समारोह में कई केंद्रीय नेता और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होने की संभावना है।

### नए सीएम को लेकर कांग्रेस की प्रतिक्रियाएं

पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा- चुनाव परिणाम के आठ दिन बाद भाजपा ने मप्र के लिए सीएम चुना भी तो एक ऐसे व्यक्ति को जिस पर उज्जैन मास्टर प्लान में बड़े पैमाने पर हेरफेर करने समेत कई गंभीर आरोप हैं। सिंहस्थ के लिए रिजर्व 872 एकड़ ज़मीनों में से उनकी जमीन को लैंड यूज़ बदलकर अलग किया गया। इनके कई वीडियो भी वायरल हैं, जिनमें यह गाली देते, धमकी देते और आपत्तिजनक बयान देते हुए दिख रहे हैं। क्या यह है मध्यप्रदेश के लिए 'मोदी की गारंटी'?

# निगम का खजाना खाली होने के कारण प्रभावित हो रहा है शहर का विकास ...

## ◆टैंडर नहीं होने की वजह स छोटी ग्वालटोली व आरएनटी मार्ग का डामर पेंचवर्क शुरु नहीं हो सका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नगर निगम के खाली खजाने का असर अब शहर के विकास कार्यों पर भी पडऩे लगा है। सडक़ बनाने से लेकर अन्य कार्य करने को लेकर टेंडर एक बार में नहीं आ रहे और एक ही काम के दो से दस बार टेंडर जारी करना पड़ रहे हैं। इतना ही नहीं खाली खजाने के कारण कायाकल्प अभियान के काम भी प्रभावित हो रहे हैं, जबकि मुख्यमंत्री ने अभियान के तहत निगम को अलग से फंड दिया है। यह फंड भी निगम ने अपने अन्य कार्य में लगा लिया।**

निगम की आर्थिक कमर टूट गई है। खजाने में पैसा है नहीं और कर्ज में डूबता जा रहा। वेतन, पेंशन बांटने के साथ अन्य खर्च उठाने के साथ ठेकेदारों को देनदारी निपटाने में निगम को पसीने छूट रहे हैं। खाली खजाने का असर शहर के 85 वार्डो के कॉलोनी-मोहल्लों में सडक़ बनाने, पेवर ब्लॉक लगाने, डामर पेचवर्क करने, बगीचों को संवारने, ड्रेनेज और पानी की पाइप लाइन डालने, बैकलाइन की सडक़ बनाने, नालियों की सफाई, ड्रेनेज के टूटे ढक्कन बदलने, पानी निकासी के लिए स्ट्रॉम वॉटर लाइन डालने, सरकारी स्कूलों में निर्माण, स्ट्रीट लाइट सुधारने व बदलने, पुल-पुलियाओं का निर्माण, बैकलाइन एवं स्ट्रॉम वाटर लाइन की सफाई और अन्य कई छोटे-बड़े कामों पर पडऩे लगा है। इन कामों को करने के लिए लाखों-करोड़ों रुपए के टेंडर जारी किए जा रहे हैं, लेकिन खजाने में पैसा नहीं होने से कोई ठेकेदार टेंडर नहीं डाल रहा रहा है। इस कारण एक ही काम को करने के लिए दो से दस बार टेंडर का करना पड़ रहा है।

इधर, निगम के खाली खजाने का असर कायाकल्प अभियान के तहत होने वाले सडक़ों के संधारण और मरम्मत के कार्य पर भी पडऩे लगा है। अभियान के तहत निगम ने शहर की 18 सडक़ों को चिह्नित कर टेंडर जारी किए। 18 में से 16 सडक़ों के टेंडर आने के बाद मंजूरी देकर ठेकेदार एजेंसी तय कर दी और कुछ जगह काम भी शुरू करवा दिया गया। इन सडक़ों में से एक जोन 11 के वार्ड 55 के अंतर्गत आने वाले छोटी ग्वालटोली, आरएनटी मार्ग का डामर का पेंचवर्क का कार्य करने का टेंडर भी आ गया था। छठी बार टेंडर करने पर निगम को ठेकेदार मिला था। जिस ठेकेदार ने डामर पेंचवर्क करने का काम लिया था। उसने काम शुरू करने से पहले निगम से तकरीबन 5 लाख रुपए मांगे। निगम की आर्थिक स्थिति ठीक न होने पर ठेकेदार को पैसा नहीं मिला और उसने काम करने से इनकार कर दिया। इस पर निगम ने मंजूर टेंडर को कैंसल कर फिर से सातवीं बार निविदा जारी कर दी है। डामर पेंचवर्क 39 लाख 77 हजार रुपए की लागत से होना है।

### इन 2 रोड के भी नहीं आए टेंडर

जोन 11 के वार्ड 60 में श्री टॉवर के पीछे वेयर हाउस रोड स्थित गलियों में क्षतिग्रस्त रोड का सीमेंटीकरण करना। लागत 12 लाख 96 हजार रुपए है। जोन 12 में वार्ड 61 के भाट मोहल्ला मेन रोड का निर्माण करना। लागत 32 लाख 69 हजार रुपए है। इन दोनों रोड के लिए चार से नौ बार टेंडर कर दिए गए, मगर कोई ठेकेदार टेंडर डालने नहीं आया। मालूम हो कि फरवरी- 2023 को कायाकल्प अभियान के तहत सडक़ों के संधारण एवं मरम्मत का कार्य करने के लिए प्रदेश के 413 नगरीय निकायों के लिए 750 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इसमें से सडक़ों के कायाकल्प को लेकर पहले चरण में 350 करोड़ रुपए सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश की नगरीय निकायों में भेज दिए गए। इंदौर नगर निगम को शहर की क्षतिग्रस्त सडक़ों को सुधारने के लिए 25 करोड़ रुपए मिले है। राशि मिलते ही सडक़ों की हालत सुधारने को लेकर निगम के जनकार्य विभाग ने टेंडर जारी कर दिए, लेकिन 18 में से 3 सडक़ अभी भी टेंडर में ही उलझी पड़ी है।

# इंदौर में दिन का पारा 1 डिग्री गिरा

## ◆रात का तापमान 15 डिग्री से नीचे ही रहा, दिन का पारा 27 के करीब

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में पिछले 24 घंटे में दिन के तापमान में एक डिग्री की गिरावट आई है, जबकि रात का तापमान तीन दिनों से 14 डिग्री के आसपास ही है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक आज से उत्तर भारत में एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव हो रहा है लेकिन इसका कुछ खास असर नहीं होगा।**

शनिवार को दिन का तापमान 26.8 (-2) तथा रात का तापमान 14.2 (+3) डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इसके बाद रविवार को दिन में हवा की रफ्तार 18 किमी प्रति घंटा चलने से इसमें 1 डिग्री की गिरावट आई। इस दौरान तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह बीती रात तापमान में हल्का सा इजाफा हुआ। इस दौरान तापमान 14.6 (+3) डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके साथ ही अब आसमान भी पूरी तरह साफ है। सोमवार सुबह भी आसमान साफ था तथा दृश्यता 3 हजार मीटर की थी। इस दौरान हवा की रफ्तार 8 किमी प्रति घंटा होने से मौसम में ठण्डक थी। इसके बाद तेज धूप खिलने से असर कम होता रहा। मौसम वैज्ञानिक एचएस पाण्डे के मुताबिक आज से उत्तर भारत में एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है। इसका असर कम ही रहेगा। तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव हो सकता है।

### श्री देवांग कोष्टी समाज ने किया सम्मान



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट इन्दौर। विगत 32सालों से मजदूरों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनके हक के लिए 24 घंटे 7 दिनों की तर्ज पर लगे रहे श्रमिक साथी नरेन्द्र श्रीवंश एवं किशन लाल बोखरे का श्री देवांग कोष्टी समाज सकल पंच बुरहानपुर वाले कार्यकारिणी सदस्यों समिति ने स्वागत सत्कार मिल परिसर में किया। इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद समाजजन एवं मजदूर वर्ग मौजूद रहा। सम्मान के अवसर पर श्रीवंश एवं बोखरे का जय उद्घोष भी किया गया। दोनों पदाधिकारियों के सराहनीय कार्य पर समूचे देवांग कोष्टी समाज गौरवान्वित है। सम्मान समारोह के अवसर पर दिलीप हेड़वे अध्यक्ष, अशोक हेड़उ सचिव, युवा

### कटाक्ष




# नए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में ई रिक्शा में बैठे ओंकार यादव को पुष्प माला पहनाई थी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** राज्य के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के इंदौर के यादव बंधुओं एवं संगठनों से भी आत्मीय रिश्ते हैं। इंदौर की तरह डॉ. यादव उज्जैन में भी हर वर्ष जन्माष्टमी पर अपने कुल देवता भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकालते हैं और इंदौर के यादव बंधुओं को भी वहां बुलवाते हैं। इस वर्ष भी 7 सितम्बर को जन्माष्टमी के अवसर पर बड़ा गणपति से निकले यादव अहीर समाज केन्द्रीय समिति के जुलूस में डॉ. मोहन यादव स्वयं शामिल हुए और बड़ा गणपति से इमली बाजार चौराहे तक जुलूस के साथ पैदल चले।

इस दौरान जब उन्हें पता चला कि केन्द्रीय समिति इंदौर के अध्यक्ष ओंकार यादव स्वास्थ्य खराब होने के बावजूद अपनी अगाध श्रद्धा के चलते इस जुलूस में एक ई-रिक्शा में सवार होकर आए हैं तो डॉ. मोहन यादव उन्हें ढूंढते हुए पूर्व विधायक रामलाल यादव भल्लू भैया के पुत्र दीपू यादव एवं ओंकार यादव के पुत्रों प्रदीप एवं रणजीत यादव को लेकर वहां पहुंचे, जहां ओंकार यादव रिक्शे में सवार होकर सडक़ के एक तरफ खड़े होकर जुलूस को निहार रहे थे। डॉ. यादव ने ओंकार यादव के कुशलक्षेम पूछे और अपने साथ लाए पुष्प हार को उनके गले में डालकर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की शुभकामनाएं भी व्यक्त की। डॉ. मोहन यादव की ऐसी सहजता और सरलता अक्सर कहीं भी देखने को मिल जाती है, जब वे अपने विधायक या मंत्री होने से अलग हटकर एक आम व्यक्ति की तरह सबसे आत्मीयता से मिलते हैं।

जब डॉ. मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने की सूचना इंदौर में यादव बंधुओं को मिली तो ओंकार यादव के इमली बाजार स्थित निवास सहित अनेक स्थानों पर यादव बंधुओं ने एकत्र होकर मिठाईयां बांटी। डॉ. यादव पिछले तीन वर्षों से लगातार हर वर्ष जन्माष्टमी महोत्सव के जुलूस में इंदौर आते रहे हैं।

### ‘तम्बाकू की आदत, टी.बी. को दावत’

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट इन्दौर। भारत में प्रतिवर्ष अनुमानित 13 लाख लोगों की मृत्यु तम्बाकु के सेवन से होती है और प्रतिवर्ष अनुमानित 4.36 लाख मौतें टी.बी. के कारण होती हैं। चौंकाने वाला तथ्य यह है कि लगभग 38 प्रतिशत टी.बी. से होने वाली मौतें तम्बाकू के सेवन से जुड़ी है। कभी न धूम्रपान करने वालों की तुलना में धूम्रपान करने वालों में टी.बी. की व्यापकता तीन गुना अधिक है। धूम्रपान न करने वालों की तुलना में धूम्रपान करने वालों में टी.बी. से मृत्यु की दर तीन से चार गुना अधिक है। धूम्रपान से टी. बी. के लक्षणों की गंभीरता बढ़ जाती है। धूम्रपान टी.बी. की दवा की प्रतिक्रिया पर प्रतिकुल प्रभाव डालता है। धूम्रपान से दोबारा टी.बी. होने की संभावना बढ़ जाती है। टी.बी. के साथ धूम्रपान करना घातक होता है एवं इससे मृत्यु भी हो सकती है। टी.बी. और तम्बाकू में सहरुग्णता (Co-morbidity) होती है।

# इंदौर की स्वच्छता को धूमिल करने वाले लोगों के खिलाफ निगम करेगा कार्रवाई

◆ पार्षद और जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्रों में करेंगे सफाई अभियान में सहयोग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर देश में लगातार छह बार से नंबर वन है। अब सातवीं बार अव्वल आने की उम्मीद सर्वेक्षण-2023 में है, क्योंकि पिछले दिनों सर्वेक्षण हो गया और अब बस रिजल्ट आने का इंतजार है। इधर, सर्वेक्षण के बाद से शहर में सफाई व्यवस्था को बिगड़ते देख महापौर ने उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश नगर निगम स्वास्थ्य विभाग के अफसरों को दिए है जो कि इंदौर की स्वच्छता को धूमिल कर रहे है। उन्होंने शहरवासियों के साथ ही पार्षद और जनप्रतिनिधि से अपने-अपने क्षेत्र में स्वच्छता अभियान में सहयोग करने की अपील भी की है।**

देश में लगातार छह बार नंबर वन आने वाले इंदौर को स्वच्छता का सिरमौर बनाए रखने में महापौर पुष्यमित्र भार्गव लगे हुए है, क्योंकि स्वच्छता सर्वेक्षण होने के बाद से शहर में कई जगह कचरा नजर आने के साथ गंदगी फैली रहती है। यह देखते हुए महापौर भार्गव ने शहरवासियों से अपील की है कि वह इंदौर की स्वच्छता अभियान में सहयोग करते हुए निगम के निर्धारित कचरा संग्रहण वाहनों में ही कचरा दें। यहां-वहां कचरा न फेंकें। उन्होंने निगम के 19 जोन पर तैनात समस्त स्वास्थ्य अधिकारियों, सीएसआइ और दरोगा को निर्देशित किया कि शहर में खुले स्थानों व सार्वजनिक स्थलों पर कचरा एवं गंदगी करने वाले लोगों, यहां- वहां कचरा फेंकने व थूकने और खुले में पेशाब करने वाले लोगों के खिलाफ सतत कार्रवाई करें। इसके तहत चालान बनाकर तगड़ा जुर्माना लोगों से वसूल किया जाए। संभवतः यह कार्रवाई आज से ही निगम स्वास्थ्य अमला शुरू करेगा।

इसके साथ ही नो थू-थू अभियान एवं रेड स्पॉट अभियान का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भी सख्ती से कार्रवाई करते हुए बड़ी चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। शहर के जनप्रतिनिधियों और समस्त 85 पार्षदों से भी आग्रह किया गया है कि वह अपने वार्ड क्षेत्र में स्वच्छता अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों स्वच्छता सहयोग करें।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में बैठक

# यात्रा 14 दिसम्बर से प्रारम्भ होकर 25 जनवरी को होगा समापन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर। प्रभारी आयुक्त श्री सिद्धार्थ जैन द्वारा शासन निदेर्शानुसार दिनांक 14 दिसम्बर से आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में सीटी बस आफिस में बैठक ली गई। बैठक में अपर आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा, श्री अभय राजनगांवकर, श्री देवधर दरवई, विभाग प्रमुख, समस्त झोनल अधिकारी, झोन नियंत्रणकर्ता अधिकारी व अन्य उपस्थित थे।**

प्रभारी आयुक्त सिद्धार्थ जैन ने बताया कि भारत सरकार द्वारा दिये गये निर्देशांनुसार दिनांक 14 दिसम्बर से आगामी 25 जनवरी 2023 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, यात्रा का मुख्य उददेश्य पात्र हितग्राहियो को भारत सरकार की विभिन्न हितग्रहियो मूलक योजनाओ से अवगत कराना तथा अंतिक व्यक्तियों तक योजनाओ को लाभ सुगमता एवं सरलता से प्राप्त हो सके, निहित उददेश्य को दृष्टिगत रखते हुए, नगर निगम इंदौर क्षेत्रांतर्गत संकल्प यात्रा झोन/वार्ड क्षेत्र में प्रतिदिन 2 वार्डो में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जाएगा, यात्रा में संलगन वाहन में एलईडी स्क्रीन व साउण्ड के माध्यम से हितग्राहियो को योजनाओ की जानकारी दी जावेगी, तथा उक्त यात्रा में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओ के लाभांवित अपनी जुबानी अपनी कहानी का व्याख्यान करेगे तथा यात्रा के साथ सेल्फी भी लेगे।

प्रभारी आयुक्त श्री सिद्धार्थ जैन द्वारा समस्त झोनल अधिकारियो को शेडयुल अनुसार झोन/वार्ड क्षेत्र में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान बैठक स्थल, क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार, जनप्रतिनिधि व हितग्राहियो को सूचना, आवंटित झोन हेतु नियुक्त सीएमएम व सीओ अपने झोन के एनआरवाय के अमले से समन्वय रखते हुए, कार्यक्रम में विभिनन योजनाओ के हितग्राहियो को कार्यक्रम में उपस्थिति सुनिश्चित करना व कार्यक्रम में चयनित हितग्राहियो से उनके अनुभव साझा कर, विडियो व फोटो निर्देशांनुसार एप व पोर्टल पर अपलोड करने के संबंध में भी निर्देश दिये गये।

# बालिकाओं एवं महिलाओं को सशक्त एवं स्वावलंबी बनाने की दिशा में जनचेतना लाने के प्रयास

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महिला अपराधों की रोकथाम एवं उनकी सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण आदि को ध्यान में रखते हुए, सामुदायिक पुलिसिंग के तहत पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में बालिकाओं की सुरक्षा और उनके सशक्तिकरण तथा उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर मकरंद देऊस्कर द्वारा सृजन बालिका समूह कार्यक्रम का शुभारंभ, आज रक्षित केन्द्र इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन व सृजन-नई दिशा नया गगन के पोस्टर का अनावरण कर, किया गया।**

उक्त सृजन कार्यक्रम की कार्य संरचना के बारे में पुलिस उपायुक्त मुख्यालय जगदीश डावर ने बताया कि इस कार्य योजना को प्रभावी रूप से संचालित करने के लिए महिला सुरक्षा से संबंधित अधिकारीगण तथा अन्य महिला पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण एवं स्थानीय सामाजिक संगठनों से सहभागिता निर्मित कर, सर्वप्रथम कमजोर वर्ग की बस्तियों में जाकर 12 से 18 वर्ष की आयु की बालिकाओं का समूह विकसित करेंगे, जिनके साथ पुलिस अधिकारी एवं एनजीओ मिलकर उनसे जन संवाद स्थापित कर सृजन प्रशिक्षण कैम्प आयोजित किये जाएंगे। जिसमें बालिकाओं को फिजिकल फिटनेस, मार्शल आर्टस, सेल्फ डिफेन्स, कानून का ज्ञान, हेल्थ एवं हाईजीन का ज्ञान, नैतिक शिक्षा, गुड सिटिजनशिप एजुकेशन, कैरियर गाईडेन्स प्रोग्राम इत्यादि प्रदाय कर बालिकाओं को सशक्त एवं स्वावलंबी बनाने की दिशा में विभिन्न प्रयास किए जाएंगे ।

# लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी का 13 जनवरी से प्रशिक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। चुनाव आयोग के निर्देश के बाद जिला प्रशासन लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। जिले में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम 13 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। जिले में एक जनवरी 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम शुरू किया जाना है।**

हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की संख्या अधिक रहने से लंबी कतारें लगी रही और कई लोग लम्बे इंतजार के चलते बिना वोट डाले भी लौट आए। इसलिए अब लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या केन्द्रवार कम करने के साथ ही केन्द्रों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। लोकसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्यक्रम भी शुरू होगा।

राज्य निर्वाचन आयोग ने विधानसभा चुनाव में जो नए प्रयोग किए उनका इस्तेमाल लोकसभा चुनाव में भी करने का निर्णय लिया है। वहीं कलेक्टरों ने जो समस्याएं बताई उन्हें भी दूर किया जाएगा। छह महीने बाद ही लोकसभा के चुनाव होना है। लिहाजा राजनीतिक दलों के साथ आयोग भी 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव करवाते ही अब बड़े चुनाव की तैयारी में जुट गया है।

### मतदान केंद्रों की बढ़ेगी संख्या

इस बार इंदौर सहित प्रदेशभर में मतदान का प्रतिशत बढ़ा। अयोग ने मतदान केन्द्रों की संख्या में कोई बदलाव नहीं करवाया। इंदौर में ही कई मतदान केन्द्र पर मतदाताओं की संख्या भी ज्यादा हो गई है, जिसके चलते चुनाव के दौरान कई केन्द्रों पर लम्बी कतारें दिखीं और दो से ढाई घंटे का समय एक मतदाता को लगा, जिसके चलते कई लोग लम्बी कतार देखकर बिना वोट डाले भी वापस लौट आए। लोकसभा चुनाव में केन्द्रों पर मतदाताओं की संख्या कम कर केन्द्र की संख्या बढ़ाई जाएगी।

# इंदौर-बुधनी रेल लाइन मुआवजे को लेकर किसान लामबंद

◆ गांवों में हो रही बैठकें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर-बुधनी रेल लाइन के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की जाना है। प्रशासन ने किसानों को नोटिस देकर जमीन अधिग्रहण के लिए खातों की जानकारी मांगी है, लेकिन किसान कम मुआवजा मिलने को लेकर विरोध दर्ज करा रहे हैं। अब इंदौर और देवास जिले के गांवों में बैठकें शुरू की गई हैं। इसमें किसान लामबंद होकर कम दर पर पुश्तैनी जमीन देने का विरोध कर रहे हैं। इंदौर जिले की करीब 123.50 हेक्टेयर भूमि इंदौर-बुधनी रेल लाइन के लिए अधिग्रहित की जाना है। उक्त भूमि किसानों से अधिग्रहित की जाना है। किसानों को जो मुआवजा दिया जा रहा है वह बाजार भाव से कम है। ऐसे में किसान मुआवजे का विरोध कर रहे हैं।

### अलाइनमेंट, तीसरी सुरंग पर मंजूरी बाकी

किसान नेता हंसराज मंडलोई ने बताया कि कम दर पर जमीन लेने के विरोध में इंदौर के साथ ही देवास के किसान नेता भी विरोध में आ गए हैं। गांव-गांव विरोध कर रेलवे विभाग के नोटिस की होली जलाकर विरोध कर रहे हैं। गौरतलब है कि 196 किमी लंबी रेल लाइन के लिए तीन जिलों सीहोर, देवास और इंदौर की जमीन अधिग्रहित की जाएगी। प्रदेश सरकार ने शासकीय जमीन पर पहले ही काम की अनुमति प्रदान कर दी थी। इस पर पुल-पुलिया और अन्य निर्माण कार्य जारी हैं।

# 85 लाख आबादी के लिए नर्मदा के चौथे चरण की तैयारी : भार्गव

संपादक समूह के कार्यक्रम में महापौर ने बताई शहर के भविष्य को लेकर रूपरेखा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर को अगले पचास सालों के लिए आबादी के हिसाब से तैयार करना नगर निगम के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। 2040 तक शहर की आबादी 85 लाख के आसपास होगी और इसके लिए सबसे पहले आधारभूत संराचना और पानी की व्यवस्था बड़ा मुद्दा है और इसीलिए नर्मदा के चौथे चरण का काम हमने शुरू कर दिया है। केंद्र और राज्य सरकार इस प्रोजेक्ट के लिए स्वीकृति मिल चुकी है। आने वाले समय में इंदौर सोलर सिटी के रुप में भी अपनी पहचान कायम करने जा रहा है।**

यह बात महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने इंदौर संपादक समूह के संपादकों और वरिष्ठ पत्रकारों के बीच अनऔपचारिक चर्चा में कहीं वहीं संपादक समूह के मिलन समारोह में जनसंपर्क संयुक्त संचालक आर.आर. पटेल भी मौजूद थे। जिनका पदोन्नति होने पर सम्मान किया गया। महापौर ने कहा कि कई योजनाएँ शहर के हित में प्रारंभ होती है और समय पर पूरी नहीं हो पाती है। इन दिनों पूरे शहर में ड्रेनेज लाइन को लेकर खोदी गई सड़कों से आम लोगों को दिक्कत हो रही है यह कार्य अमृत योजना के तहत पूरे शहर में किया जा रहा है। जिसको जल्द पूरा किया जाएगा। जिससे आने वाले पचास सालों में शहर का ड्रेनेज सिस्टम को लेकर आने वाली समस्याओं का निराकरण हो जाएगा। एक साल में साढ़े तीन सौ किमी ड्रेनेज पाइपलाइन डाली जा चुकी है वही आने वाले समय में इंदौर सोलर सिटी के रुप में भी अपनी पहचान स्थापित करेगा। अगले कुछ सालों में यह उपलब्धि भी शहर के खाते में जुड़ जाएगी। रिजनल पार्क को भी प्रदेश का सबसे एम्यूजमेंट पार्क के रुप में बनाने के लिए नगर निगम टेंडर जारी कर चुका है।

कार्यक्रम में संपादक समूह की ओर से गतिविधियों की जानकारी वरिष्ठ पत्रकार नवनीत शुक्ला ने दी। महापौर का स्वागत समूह के संरक्षक क्रांति चतुर्वेदी और अभिलाष शुक्ला ने किया। वहीं आर.आर. पटेल का सम्मान आलोक ठक्कर और शक्तिसिंह परमार ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार ललित उपमन्यु, विनय तिवारी, दीपक शर्मा, एहतियाब शेख, नितेश पाल, मनोहर राजपूत,अनिल कर्मा, नाज पटेल, अभिषेक मिश्रा, दीपक यादव, राकेश मेहता, राजेंद्र गुप्ता और भाजपा प्रदेश प्रवक्ता आलोक दुबे उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रियंका पांडे ने माना और आयोजन की जानकारी समन्वयक मुजीब खान ने दी।

# नड्डा के बंगले पर लिखी गई थी मुख्यमंत्री की स्क्रिप्ट

## 6 दिसंबर को अचानक दिल्ली बुलाए गए थे यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। प्रदेश में नए सीएम के नाम की घोषणा कर दी गई है। मोहन यादव को नया मुख्यमंत्री बनाया गया है। भाजपा विधायक दल की बैठक में उन्हें दल का नेता चुना गया। उनके नाम का प्रस्ताव शिवराज सिंह चौहान ने दिया था। यादव को मुख्यमंत्री बनाने की स्क्रिप्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर 6 दिसंबर को रात 11 बजे लिखी गई थी। इस दौरान केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव भी वहां मौजूद थे।**

भूपेंद्र यादव ने ही डॉ. मोहन यादव की रिपोर्ट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को दी थी। इसके बाद तीन दौर की बैठक में डॉ. यादव का नाम तय किया गया था। वे संघ के करीबी माने जाते हैं। बीजेपी ने ओबीसी चेहरे के तौर पर मोहन यादव को आगे किया है।

### तो आष्टा से लौटकर भोपाल आए

भाजपा के एक नेता ने बताया कि 6 दिसंबर को मोहन यादव सड़क मार्ग से भोपाल से उज्जैन जा रहे थे। शाम करीब 7 बजे जब वे आष्टा पहुंचे तब दिल्ली से कॉल (शायद राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निवास से) आया और उन्हें तत्काल दिल्ली आने के लिए गया। डॉ. यादव वापस भोपाल आए और रात 9 बजे की फ्लाइट से दिल्ली पहुंचे। उनकी नड्डा से महज 15 मिनट की मुलाकात हुई। वे अगले दिन यानी 7 दिसंबर को सुबह भोपाल लौट आए। तब माना जा रहा था कि डॉ. यादव को प्रदेश अध्यक्ष बनाया जा सकता है।

### 15 मिनट में पूरी हो गई सीएम बनाने की प्रक्रिया

महज 15 मिनट की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने विधायक दल की बैठक आयोजित करने के बारे में बताया। इसके बाद पर्यवेक्षक एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर खट्टर ने 6 मिनट के भाषण में सिर्फ इतना कहा कि भाजपा एक अनुशासित पार्टी है। केंद्रीय नेतृत्व के फैसले को सभी को स्वीकार करना चाहिए। यह परंपरा है।

### शिवराज ने रखा प्रस्ताव, तोमर, प्रहलाद व भार्गव ने समर्थन किया

बैठक में मोहन यादव को विधायक दल का नेता चुनने का प्रस्ताव शिवराज सिंह चौहान ने रखा था। नरेंद्र सिंह तोमर, प्रहलाद पटेल, गोपाल भार्गव, तुलसी सिलावट और विधायक निर्मला भूरिया ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। सूत्रों का कहना है कि बैठक शुरू होने से पहले नरेंद्र सिंह तोमर ने करीब आठ विधायकों को एक कमरे में बुलाकर डॉ. मोहन यादव के पक्ष में समर्थन करने को कहा था।

### मीटिंग में पीछे बैठे रहे मोहन यादव, शिवराज से लिया आशीर्वाद

विधायक दल की बैठक के बाद जब मोहन यादव के नाम का ऐलान हुआ तो सभी चौंक गए। इस दौरान मोहन यादव जीते हुए विधायकों के बीच में बैठे रहे। सीएम चुने जाने के बाद उन्होंने शिवराज सिंह चौहान का आशीर्वाद भी लिया।

### नेता प्रतिपक्ष बनाते समय भी दिल्ली ने चौंकाया था

भाजपा के एक नेता ने बताया कि इससे पहले 2018 में जब कमलनाथ सरकार बनी थी, तब नेता प्रतिपक्ष के लिए शिवराज सिंह चौहान और डॉ. नरोत्तम मिश्रा में से किसी एक नाम लगभग फाइनल माना जा रहा था, लेकिन केंद्रीय नेतृत्व ने सबसे सीनियर विधायक गोपाल भार्गव के नाम पर मुहर लगाई थी। तब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सुबह 7:30 बजे फोन पर भार्गव को बताया था कि उन्हें नेता प्रतिपक्ष बनाया जा रहा है।

### देश में सबसे पहले एमपी में लागू की थी शिक्षा नीति

मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू हुई थी। इसी के साथ मध्यप्रदेश देश में नई शिक्षा नीति लागू करने वाला पहला राज्य बन गया था। शैक्षणिक सत्र 2021-22 के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू हो गई है। इस दौरान डॉ. मोहन यादव उच्च शिक्षा मंत्री थे।

# पुलिस के लिए चलाई गई ट्रेन में रेप

### आरोपी ने महिला को सतना स्टेशन पर बोगी से बाहर फेंका, खुद टॉयलेट में छिपा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सतना। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव कराने आई पुलिस फोर्स के लिए चलाई गई ट्रेन में महिला के साथ रेप का मामला सामने आया है। घटना रविवार देर रात कटनी से सतना के बीच की बताई जा रही है। ट्रेन पुलिस फोर्स को छोड़कर खाली लौट रही थी। इस बीच यह पकरिया स्टेशन पर काफी देर खड़ी रही। तभी महिला ट्रेन में चढ़ी और आरोपी ने उसे दबोच लिया।**

सतना स्टेशन पर जब यह ट्रेन रुकी तो आरोपी ने महिला को बोगी से बाहर फेंक दिया और गेट बंद कर लिया। ट्रेन 30 मिनट तक स्टेशन पर खड़ी रही, लेकिन जीआरपी बोगी का गेट नहीं खुलवा सकी। सतना से रवाना होने के बाद पुलिस ने ट्रेन को रीवा से पहले बगहाई में रुकवाया।

पुलिस का दावा है कि आरोपी ने खुद को टॉयलेट में बंद कर लिया था। टॉयलेट का गेट तोड़कर उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी की पहचान कमलेश कुशवाहा के तौर पर हुई है। वह उत्तर प्रदेश के बांदा का रहने वाला है। उसे कटनी जीआरपी के सुपुर्द कर दिया गया है।

**महिला की आपबीती** - झुमुके उचेहरा जाना था। ट्रेन पकड़ने के लिए पकरिया स्टेशन पहुंची थी। स्टेशन पर घूम रही थी, तभी वहां इस ट्रेन को खड़ा देखा। ट्रेन खाली थी तो मैं उसमें चढ़ गई। ट्रेन स्टेशन पर कुछ देर खड़ी रही, तब मैं टॉयलेट गई। वहां पीछे से आरोपी आ गया। वो कौन था, मैं देख नहीं पाई। उसने मुझे अपने साथ टॉयलेट में बंद कर लिया। इतने में ट्रेन चलने लगी। उसने पहले मेरे साथ मारपीट की फिर जबरदस्ती करने लगा। मैं चिल्लाई पर वहां सुनने वाला कोई नहीं था। उसने मेरे साथ रेप किया। फिर सतना स्टेशन पर ट्रेन रुकी तो मुझे ट्रेन से बाहर फेंककर गेट बंद कर लिया। यहां मैंने जीआरपी थाने पहुंचकर शिकायत की।

# भोपाल में कुख्यात बदमाश का शॉर्ट एनकाउंटर

### ◆ टेंट कारोबारी को गोली मारी थी, फिर टीआई को दी थी जान से मारने की धमकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। भोपाल में सोमवार तड़के 3.30 बजे एक बदमाश शॉर्ट एनकाउंटर में घायल हो गया। उसके पैर में गोली लगी है। बदमाश ने भोपाल में दिनदहाड़े एक टेंट कारोबारी को गोली मारी थी। इसके बाद सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड कर सीहोर जिले के दोहरा थाना प्रभारी को जान से मारने की धमकी भी दी थी।**

3 दिसंबर रविवार को भोपाल के बुधवारा में नसीम बन्ने खां ने आमिर उर्फ बर्फ और दो साथियों के साथ नवाज रियाज (30) को ताज टेंट हाउस में घुसकर गोलियां मारी थीं। उसके साथियों ने नवाज पर तलवार से हमला किया था। भोपाल क्राइम ब्रांच ने रविवार को इंदौर रोड खजुरी से बन्ने खां को पकड़ा था। उसने क्राइम ब्रांच को बताया कि मनुआभान टेकरी पर पिस्टल फेंकी थी।

पुलिस बन्ने खां को सोमवार तड़के पिस्टल रिकवरी के लिए टेकरी ले जा रही थी। इसी दौरान उसने भागने का प्रयास किया। उसने पुलिस की राइफल छीनकर दो राउंड फायरिंग की। पत्थर भी फेंके। जवाबी फायरिंग में पुलिस टीम की एक गोली उसके पैर में लगी।

### चार टीमें कर रही थीं बन्ने खां की तलाश

तलैया थाना की तीन और क्राइम ब्रांच की एक टीम बन्ने खां की तलाश कर रही थी। भोपाल सहित आसपास के संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही थी। उसकी गैंग के तीन आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

बन्ने खां फरारी के दौरान सोशल मीडिया पर एक्टिव था। उसने एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उसने दोराहा थाना प्रभारी को गोली मारने की धमकी दी। अब पुलिस को वारदात के मास्टर माइंड आमिर उर्फ बर्फ की तलाश है।

### नसीम पर 45 केस दर्ज, 40 हजार का इनाम भी

आरोपी नसीम पर 30 हजार रुपए का इनाम सीहोर पुलिस और 10 हजार का इनाम भोपाल पुलिस ने घोषित कर रखा है। उसके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, चोरी, लूट और डकैती का प्रयास, अड़ीबाजी जैसे 45 प्रकरण दर्ज हैं। नसीम पहले भी पुलिस की कस्टडी से फरार हो चुका है। वह सीहोर, राजगढ़ और भोपाल में आपराधिक वारदातों को अंजाम देता आया है।

# प्रदेश का हिल स्टेशन पचमढ़ी सबसे ठंडा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** प्रदेश में रात में भी ठंड का असर बढ़ गया है। रविवार-सोमवार की रात पचमढ़ी, ग्वालियर और राजगढ़ की रात सबसे ठंडी रही। पचमढ़ी में 9.2 डिग्री, ग्वालियर में 9.8 डिग्री और राजगढ़ में पारा 8.4 डिग्री रहा। भोपाल में 12 डिग्री पर पारा आ गया। वहीं, इंदौर में 14.6 डिग्री, उज्जैन में 13.2 डिग्री और जबलपुर में तापमान 12 डिग्री दर्ज किया गया। उमरिया, नौगांव, दतिया भी ठंडे रहे। टेम्प्रेचर में लगातार गिरावट होने से कई शहरों में कोहरा छाया रहा तो पौधों पर ओस की बूंदें भी जम गईं। रविवार को शहरों में तापमान 25-26 डिग्री के आसपास रहा रातें भी ठंडी हैं। भोपाल में शनिवार-रविवार रात में तापमान 11.9 डिग्री रहा। पचमढ़ी में 7.8 डिग्री पर आ गया। राजगढ़ में 10.4 डिग्री, बैतूल में 10.7 डिग्री, छिंदवाड़ा में 10.5 डिग्री दर्ज किया गया। बाकी शहरों में 11 से 14 डिग्री के आसपास ही तापमान रहा। सीनियर मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि 11 दिसंबर को उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ आ रहा है, लेकिन इसका प्रदेश में असर कम रहने का अनुमान है। इस कारण रात में भी ठंड का असर बढ़ा है। दिन में धूप भी खिल रही है।

# प्रेम- प्रसंग में युवक के पिता को मारी गोली, मौत

### ◆ गांव में तनाव, पुलिस तैनात, आरोपी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** जबलपुर में रविवार की रात सुनवारा गांव में प्रेम प्रसंग के कारण एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक का नाम धन सिंह है, जो कि किसान था। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर चरगवां थाना पुलिस पहुंची और घायल धन सिंह को इलाज के लिए मेडिकल कालेज लेकर पहुंची, जहां डॉक्टर ने धन सिंह को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने धन सिंह की हत्या के मामले में श्याम सिंह पटेल के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। गांव में हुए हत्याकांड के बाद से सन्नाटा पसरा हुआ है।

युवक धनसिंह की मौत के बाद गांव में तनाव का माहौल है। मृतक के शरीर पर गोली के 6 छर्रे मिले हैं। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के मुताबिक सुनवारा गांव में रहने वाले धन सिंह चढ़ार का बेटा शनिवार की सुबह से ही घर से गायब था। वहीं श्याम सिंह की बेटी भी घर पर नहीं थी। श्याम सिंह को शक था की धन सिंह बेटे के साथ ही उसकी बेटी कहीं चली गई है। रविवार की सुबह श्याम सिंह ने चरगवां थाने जाकर रिपोर्ट लिखवाई की उसकी बेटी शनिवार से गायब है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच कर रही थी। इस घटना के बाद से ही श्याम सिंह काफी नाराज था। रविवार को रात को श्याम सिंह बंदूक लेकर धन सिंह के घर के पास पहुंचता है।

# निवाड़ी जिले में दो बच्चों की मौत

**निवाड़ी।** निवाड़ी जिले की पृथ्वीपुर तहसील में सोमवार को दर्दनाक हादसा हो गया। यहां के बरूआ नाले में नहाते वक्त दो बालक की पानी में डूबने से मौत हो गई। बहरहाल गोताखोरों की मदद से दोनों शवों को बाहर निकाल लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पृथ्वीपुर तहसील के बरूआ नाले में अंशुल यादव और मुकुल विश्वकर्मा नाम के दो बालक नहाने आए थे। नहाते वक्त वो गहरे पानी में चले गए और डूब गए। पानी में डूबते वक्त दोनों मदद के लिए चिल्लाते रहे, जिनकी आवाज सुनकर कुछ लोग मौके पर पहुंचे। उन्हें बचाने के प्रयास शुरू किए, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। दोनों गहरे पानी में डूब गए। गोताखोरों की मदद से करीब एक घंटे बाद दोनों को बाहर निकाला।

New Delhi

# JNU में धरना देने पर 20 हजार और राष्ट्र विरोधी नारेबाजी पर लगेगा 10 हजार का जुर्माना, प्रशासन का आदेश

**नई दिल्ली, (एजेंसी) जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी में एक बार फिर से नए नियम लागू करने के लिए आदेश जारी कर दिया गया है. इस नियम के बाद यहां के छात्र-छात्राएं काफी परेशान हैं. नियम के मुताबिक, यूनिवर्सिटी कैंपस में धरना देने पर छात्रों पर 20 हजार का जुर्माना लगाया जाएगा. इसके अलावा अगर कोई राष्ट्र विरोधी नारे लगाएगा तो उस पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगेगा.**

जो छात्र अपने हितों के लिए समय-समय पर विश्वविद्यालय में प्रदर्शन कर अपनी मांग उठाते थे अब उन मांगों को नहीं उठा पाएंगे. इसके लिए 20,000 का जुर्माना तय कर दिया गया है. अगर कोई छात्र विश्वविद्यालय के अंदर राष्ट्र विरोधी नारे लगाएगा तो उससे भी 10,000 रुपए का जुर्माना वसूला जाएगा. हालांकि नए आदेश के



बाद विश्वविद्यालय के छात्रों में काफी नाराजगी भी है. इस दौरान एबीवीपी के सदस्य और मीडिया इंचार्ज अंबुज तिवारी ने कहा है कि जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय का यह नया तुगलकी फरमान पहले भी आ चुका है जिसके खिलाफ हम लोगों ने काफी प्रदर्शन किया था और उसे बाद में वापस भी लिया गया था, लेकिन आज सुनाई दे रहा है कि फिर से कोई फरमान आया है जो छात्रों के प्रदर्शन करने पर रोक लगाने की बात कही जा रही है. यह बिल्कुल गलत है क्योंकि यह हमारा संवैधानिक अधिकार है कि हम अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करें. हमसे अपने संवैधानिक अधिकार को जेएनयू प्रशासन ना छीने. इसके अलावा उनका यह भी कहना है कि जो राष्ट्र विरोधी नारे या फिर संदिग्ध गतिविधियों में पाए जाने पर 10,000 जुर्माना लगाने की बात कही गई है. एबीवीपी देश विरोधी जुर्माने का समर्थन करता है, लेकिन विश्वविद्यालय के अंदर अगर कोई भी संगठन अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहा है।

Uttarpradesh

## महिला लेफ्टिनेंट कर्नल से साथी अफसर ने पहले घर फिर होटल में किया अननेचुरल रेप, शादी के बाद बवाल

**वाराणसी, (एजेंसी)** लेह में तैनात एक महिला लेफ्टिनेंट कर्नल को उसके साथी अफसर ने वाराणसी बुलाकर पहले घर फिर होटल में अप्राकृतिक दुष्कर्म किया। आजमगढ़ की रहने वाली इस अफसर की शिकायत पर वाराणसी के कैंट थाने में दुष्कर्म, मारपीट, धमकी और दहेज मांगने के आरोप में केस दर्ज किया गया है। नदेसर के काशीराज अपार्टमेंट का निवासी आरोपी देवाशीष मुखर्जी भी लेफ्टिनेंट कर्नल है। पुलिस आयुक्त के आदेश पर कैंट पुलिस ने केस दर्ज कर जांच में जुटी है।

महिला अफसर ने पुलिस आयुक्त से मिलकर गुहार लगाई थी। बताया कि लेह में तैनाती के दौरान देवाशीष से दोस्ती हुई थी। स्वाजातीय होने पर देवाशीष ने विवाह का प्रस्ताव दिया। घरवालों से बातचीत के बाद मैंने उसे स्वीकार कर लिया। बीते सितंबर माह में सरकारी काम से जबलपुर गई थीं। 21 सितम्बर को देवाशीष ने प्लेन का टिकट बुक कराकर मां सुष्मिता मुखर्जी से मिलने के लिए मुझे वाराणसी बुलाया। ठहरने के लिए अपने घर पर व्यवस्था की।

रात में देवाशीष मेरे कमरे में आया और शादी का हवाला देकर जबरदस्ती अप्राकृतिक संबंध बनाया। महिला अफसर का आरोप है कि देवाशीष समलैंगिक चरित्र का है। दूसरे दिन

Chhattisgarh

## बेमेतरा में साइबर अटैक: व्हाट्सएप हैक कर लाखों रुपये की ठगी, तीन व्यापारी बने शिकार; एफआईआर दर्ज

**बेमेतरा, (एजेंसी)** बेमेतरा जिले के बेरला थाना में व्हाट्सएप एप को हैककर 1.43 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। इस मामले में बेरला पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 420, 66 (घ) के तहत मामला दर्ज किया है। थाना से मिली जानकारी अनुसार इस मामले में प्रार्थी अभिषेक जैन पिता विजय जैन उम्र 28 निवासी वार्ड क्रमांक 3 ने शिकायत दर्ज कराई है। उसने अपने आवेदन में बताया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके व्हाट्सएप एप को हैक कर उनके परिचित के तीन व्यापारियों से एक लाख 43 हजार 800 रुपए ट्रांसफर कर लिए है। जब इस बात की जानकारी प्रार्थी अभिषेक को लगी तो थाना में शिकायत दर्ज कराई है। मामले में एफआईआर दर्ज कर पुलिस जांच में लगी हुई है। गौरतलब है कि बेमेतरा जिले में इस तरह किसी व्यक्ति के व्हाट्सएप एप को हैक कर ठगी का यह पहला मामला है।

Uttarakhand

## ऊंचाई वाले इलाकों में आज बर्फबारी के आसार, मैदानी क्षेत्रों में पारा गिरने से बढ़ेगी ठंड

**देहरादून, (एजेंसी)** उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में आज (मंगलवार) को मौसम बदलेगा। उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ इलाकों में हल्की बारिश होने की संभावना है। जबकि, तीन हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हो सकती है। इसका असर मैदानी क्षेत्रों में भी पड़ेगा। यहां तापमान में गिरावट आने से ठंड बढ़ सकती है।

मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार, प्रदेशभर में 12 दिसंबर को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। जबकि, सुबह के समय मैदानी इलाकों में कोहरा छाया रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने कहा, दिसंबर की शुरुआत में हुई हल्की बारिश व बर्फबारी से तापमान में गिरावट आई थी। उसके बाद करीब एक सप्ताह तक प्रदेशभर का अधिकतम तापमान एक-दो डिग्री सेल्सियस ज्यादा दर्ज किया गया। ऐसे में मंगलवार को ऊंचाई वाले इलाकों में मौसम बदलने के आसार हैं। पर्वतीय जिलों में बारिश व बर्फबारी होने से मैदानी इलाकों के भी तापमान में गिरावट आएगी। बर्फबारी होने के लिए विंटर बारिश का होना बहुत जरूरी है। लेकिन, नवंबर से लेकर अभी तक कुछ दिनों को छोड़ प्रदेश के किसी भी जिले में खास बारिश नहीं हुई।

खेल

## आईसीसी ने जारी किया अंडर-19 विश्व कप का शेड्यूल बांग्लादेश के खिलाफ पहला मैच खेलेगा भारत

**नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अगले साल होने वाले पुरुष अंडर-19 विश्व कप का संशोधित शेड्यूल जारी कर दिया है। भारतीय टीम टूर्नामेंट में अपना पहला मैच 20 जनवरी को बांग्लादेश के खिलाफ ब्लोएमफोंटेन में खेलेगी। भारत ग्रुप ए में बांग्लादेश, आयरलैंड और अमेरिका के साथ है। यह टूर्नामेंट पहले श्रीलंका में होने वाला था, लेकिन राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण आईसीसी ने श्रीलंका क्रिकेट को निलंबित किया है। ऐसे में अंडर-19 विश्व कप अब दक्षिण अफ्रीका में होगा।**

बांग्लादेश के खिलाफ अपने मैच के बाद भारत 25 जनवरी को ब्लोमफोंटेन में आयरलैंड से भिड़ेगा। 28 जनवरी को अपने आखिरी लीग मैच में टीम इंडिया इसी मैदान पर संयुक्त राज्य अमेरिका से भिड़ेगी। टूर्नामेंट 19 जनवरी को डबल हेडर के साथ शुरू होगा। आयरलैंड ब्लोमफोंटेन में संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ खेलेगा। वहीं, मेजबान दक्षिण अफ्रीका पोटचेफस्ट्रूम में वेस्टइंडीज के खिलाफ उतरेगा।




### अंडर-19 विश्व कप में भारत का शेड्यूल

| तारीख | खिलाफ | जगह |
|---|---|---|
| 20 जनवरी | बांग्लादेश | ब्लोमफोंटेन |
| 25 जनवरी | आयरलैंड | ब्लोमफोंटेन |
| 28 जनवरी | अमेरिका | ब्लोमफोंटेन |

### अंडर-19 विश्व कप के ग्रुप

ग्रुप एः भारत, बांग्लादेश, आयरलैंड और अमेरिका।
ग्रुप बीः इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज, स्कॉटलैंड।
ग्रुप सीः ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, नामीबिया, जिम्बाब्वे।
ग्रुप डीः अफगानिस्तान, पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, नेपाल।

### भारत ने जीते सबसे ज्यादा खिताब

भारत अब तक सबसे ज्यादा पांच बार अंडर-19 विश्व कप जीता है। टीम इंडिया साल 2000, 2008, 2012, 2018 और 2022 में चैंपियन बनी है। ऑस्ट्रेलिया ने तीन और पाकिस्तान ने दो खिताब जीते हैं। बांग्लादेश, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और इंग्लैंड एक-एक बार टूर्नामेंट जीतने में सफल हुआ है।

सिनेमा

## जरीन खान को धोखाधड़ी मामले में अंतरिम जमानत, कोर्ट ने दिया बिना इजाजत देश ना छोड़ने का आदेश



बॉलीवुड एक्ट्रेस जरीन खान को कोलकाता की एक अदालत ने धोखाधड़ी मामले में राहत दी है। जरीन खान सोमवार को सियालदह कोर्ट में पेश हुई और कोर्ट ने उन्हें अंतरिम जमानत देते हुए देश से बाहर नहीं जाने का आदेश दिया है। जरीन खान को 30 हजार रुपये के बॉन्ड पर 26 दिसंबर तक के लिए यह राहत दी गई है। एक्ट्रेस को आदेश दिया गया है कि वह बिना कोलकाता पुलिस को सूचित किए और इजाजत लिए देश से बाहर नहीं जाएंगी।

कोर्ट में पेशी के वक्त जरीन खान ने अपना चेहरा नीले रंग के मास्क से ढंका हुआ था और ब्लैक कलर की कैप पहनी हुई थी। शिकायतकर्ता के वकील ने कोर्ट को बताया कि एक्ट्रेस अपना मास्क हटा दें ताकि उन्हें ठीक से पहचाना जा सके। जरीन खान जब जज के करीब जाकर खड़ी हुई तो उन्होंने पूछा- क्या आप जरीन खान हैं? एक्ट्रेस ने हां में जवाब दिया। जज ने जरीन खान से पूछा कि क्या उनके पास उनका आधार कार्ड है? हां में जवाब देने पर जज ने एक्ट्रेस ने आधार कार्ड के आखिरी चार अंक पूछे ताकि पहचान हो सके।

# संपादकीय

## अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फिर मतभेद

जलवायु परिवर्तन की वजह से पैदा हो रहे संकट के बीच इसके कारणों पर पिछले कई दशक से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहसें होती रही हैं। विडंबना है कि इस मसले पर स्थितियों में लगातार चिंताजनक गिरावट के कारकों की पहचान के बावजूद किसी निदान पर सहमति नहीं बन पा रही है। खासकर जीवाश्म ईंधन के मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलनों में सभी देशों की राय हमेशा विभाजित रही है। इस बार दुबई में हो रहे सीओपी-28 में भी जलवायु संकट और बढ़ते तापमान के सभी पहलुओं पर व्यापक चिंता जाहिर की गई, मगर वहां जीवाश्म ईंधन को खत्म करने के मसले पर एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गहरे मतभेद उजागर हुए। हालांकि इस बात की पूरी कोशिश रही कि शिखर सम्मेलन में इस मुद्दे पर दो सौ देशों के बीच सहमति बन जाए। संयुक्त राष्ट्र महासचिव अंतोनियो गुतारेस ने सीओपी-28 से जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने के लिए ठोस समझौते पर पहुंचने का आग्रह भी किया। मगर आज भी कुछ तेल उत्पादक देशों की ओर से जैसी आपत्तियां सामने आती हैं, उससे यही लगता है कि जलवायु संकट के अहम कारणों को दूर करने पर वैश्विक सहमति कायम करने का सफर लंबा है। गौरतलब है कि वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में जीवाश्म ईंधन को जिम्मेदार माना जाता है। इसी के मद्देनजर कार्बन उत्सर्जन रोकने के लिए किए जाने वाले उपायों पर जोर दिया जाता है। मुश्किल यह है कि इस क्रम में विकासशील देश अपनी सीमा में आमतौर पर कार्बन उत्सर्जन पर लगाम लगाने के लिए जितना बन पड़ता है, उतना करते हैं, मगर जिन विकसित देशों पर इसकी मुख्य जिम्मेदारी आती है, वे ऐन मौके पर कोई न कोई कारण बता कर अपनी जरूरी भूमिका से पीछे हट जाते हैं। दरअसल, दुनिया भर में आज भी तेल, कोयला और प्राकृतिक गैस जैसे जीवाश्म ईंधनों पर बड़ी निर्भरता है। इसमें तेल की हिस्सेदारी चालीस फीसद और कोयला की इकतीस फीसद है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि अगर अचानक जीवाश्म ईंधनों पर रोक लग जाएगी, तो खासकर तेल उत्पादक देशों की अर्थव्यवस्था में कैसी उथल-पुथल मचेगी। यही वजह है कि रूस, अमेरिका और सऊदी अरब जैसे कुछ प्रमुख तेल उत्पादक देश जीवाश्म ईंधनों के उपयोग को अचानक खत्म करने की मांग का विरोध करते आए हैं। इस मामले में तेल, गैस और कोयले का दोहन रोकने के बजाय इन ईंधनों से उत्सर्जन को चरणबद्ध तरीके से कम करने का प्रस्ताव दिया जाता है। कुछ देशों की यह दलील समझी जा सकती है कि अचानक रोक से सिर्फ उन देशों का नुकसान होगा, जो अपनी अर्थव्यवस्था को टिकाए रखने या मजबूत करने के लिए जीवाश्म ईंधनों पर निर्भर हैं। बढ़ते तापमान और जलवायु संकट के लिए जिम्मेदार कार्बन उत्सर्जन पर काबू पाने के लिए सौर या पवन जैसे अक्षय ऊर्जा स्रोतों को विकल्प के रूप मे पेश किया जाता है, मगर दुनिया अभी उस स्थिति में नहीं पहुंची है कि वह बहुत कम समय में जीवाश्म ईंधनों का इस्तेमाल बंद करने को तैयार हो जाए। ऐसे में ऊर्जा के मौजूदा विकल्पों की ओर से धीरे-धीरे ही स्वच्छ और अक्षय ऊर्जा की ओर बढ़ा जा सकेगा।

### अर्ज़ किया है..!

*सब की तरह तू ने भी*
*मिरे ऐब निकाले*
*तू ने भी ख़ुदाया मिरी*
*निय्यत नहीं देखी*

*- शहज़ाद अहमद*

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**तू छोड़ दे कोशिशें... इन्सानों को पहचानने की... यहां जरूरतों के हिसाब से... सब बदलते नकाब है... अपने गुनाहों पर सौ पर्दे डालकर हर शख्स कहता है... जमाना बड़ा खराब है...**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## Parents

# बच्चे असफल हो जाए तो पैरेंट्स ऐसे करें डील

# जरूरी है इमोशनल सपोर्ट

**पैरेंट्स होने के नाते जरूरी है कि बच्चों को केवल फिजिकली और फाइनेंशियली ही नहीं बल्कि इमोशनल सपोर्ट भी किया जाए। जिससे कि उन्हें बाल मन पर किसी भी तरह का बुरा असर ना पड़े। बच्चे जब फेलियर का सामना करते हैं तो उस वक्त बच्चों को खास सपोर्ट की जरूरत पड़ती है। ऐसे में बच्चो को ये समझाना जरूरी है कि असफलता से निराश होने की जरूरत नहीं बल्कि सबक लेने की जरूरत है। पैरेंट्स को बच्चे के फेलियर पर इस तरह इमोशनल सपोर्ट करना चाहिए।**



### बच्चे से दोस्त की तरह बात करें

आजकल बच्चे काफी सारी एक्टीविटी में इन्वॉल्व रहते हैं। ऐसे में कहीं ना कहीं वो पीछे रह जाते हैं और फेल होते हैं। बच्चों के फेलियर पर रिएक्शन देते वक्त पैरेंट्स को बहुत ही सावधानी रखने की जरूरत होती है। बच्चे असफल होने पर वैसे ही काफी दुखी होते हैं। ऐसे में बच्चों से बात करते वक्त उनके दोस्त बनकर बात करें और उन्हें 'मैं तो पहले ही कह रही थी' जैसे स्टेटमेंट ना दें।

### बच्चों से प्यार करें क्वालिटी से नहीं

बच्चों के लिए आपका प्यार अनकंडीशनल होना चाहिए। बच्चे क्या कर रहे हैं इससे आपके प्यार पर असर नहीं पड़ना चाहिए। बच्चों को इमोशनल सपोर्ट और प्यार की मदद से पैरेंट्स उन्हें आगे बढ़ने और फेलियर से उबरने में मदद कर सकते हैं। जब आप बच्चे को इस तरह से सपोर्ट करेंगी तो बच्चे को समझ आएगा कि आप उसकी गलतियों के बावजूद उसे प्यार करती हैं। ऐसे में वो उन गलतियों को दोहराने से बचेगा।

### बच्चों के प्रयास की सराहना करें

आजकल के प्रतियोगिता वाले माहौल में लगातार मेहनत करना जरूरी होता है। बच्चे मेहनत कर रहे हैं तो उन्हें पैरेंट्स के प्रोत्साहन की जरूरत पड़ती है। इसलिए उनकी तैयारियों और मेहनत पर उन्हें प्रोत्साहित करें। केवल रिजल्ट खराब हो जाने की वजह से उन्हें ना डांटे।

### दूसरों से ना करें तुलना

ये बात अक्सर एक्सपर्ट बताते हैं कि किसी भी बच्चे की तुलना दूसरे से ना करें। उसे खुद से प्रतियोगिता करने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। उन्हें खुद की कमियों को सुधारने और आगे बढ़ने के लिए कहें। दूसरे से तुलना करने से बच्चों पर निगेटिव असर पड़ता है।

## Highlights

- **FBI chief meets CBI chief amid US allegations against India over Pannun murder plot**
- **DMK MP Abdulla's remark triggers row, Dhankhar calls it 'attack on soul of mother India'**
- **DMK MP Abdulla's remark triggers row, Dhankhar calls it 'attack on soul of mother India'**
- **Mumbai Local Train: Man's Phone Jugaad During Travel Goes Viral**
- **CM Siddaramaiah: BJP, JD(S) in Illusion, Our Govt Stable**
- **12-year-old protestor Licypriya storms stage of COP28 in Dubai; video goes viral**
- **Man arrested in Assam for attacking wild elephants**

# Garlic prices hit ₹400/kg: Why have prices of spice doubled over last few days?

**NEW DEIHI, (Agency).** Garlic has become the latest victim of price inflation of basic commodity, with the prices nearly doubling over the last few days. The rates of garlic have hit ₹400 per kg in some areas, soaring high because of dwindling supplies.

Garlic, which is one of the most generously used spices across India, has seen its price double in the span of a few days, now selling for ₹300 to ₹400 per kg at some retail markets. The prices are expected to remain high till the end of the year.

The Economic Times reported that wholesale prices of garlic have also seen a major upward spike, being sold at ₹130-140 in wholesale markets. Meanwhile, high-quality garlic is being sold at ₹220-250 per kg in wholesale.

Why have garlic prices doubled?

After onions, garlic was the spice for which price stand doubled in just under a week.



The reason behind high prices is the dwindling supply of garlic across the country, since crops were damaged due to extreme weather conditions.

Unseasonal rainfall caused by Cyclone Michaung in parts of India led to a large amount of garlic crops being destroyed. This has caused an extreme shortage of spice in the market, leading to the doubling of prices.

It is expected that prices will continue to rise across the country till the new yield hits the market, which could be by the end of the month. Typically, garlic prices rise in the winter season due to low yield and supply.

The unexpected rise in garlic prices comes after the shortage in supply of onions, with high prices and low supply in wholesale markets. Despite the Centre taking several steps to bring down the prices, the rates remained steady at ₹300-400 in retail and around ₹200 in wholesale.

The reason behind the sudden surge in prices of essential fruits and vegetables is the unexpected and extreme weather conditions in parts of India, leading to low crop yield.

# RBI cautions against unauthorised campaigns on loan waivers

**NEW DEIHI, (Agency)** The Reserve Bank of India (RBI) said on Monday it has noticed certain misleading advertisements enticing borrowers by offering loan waivers.

These entities, the RBI said, seem to be actively promoting many such campaigns in the print media as well as social media platforms.

"There are reports of such entities charging a service/ legal fee for issuing 'debt waiver certificates' without any authority. It has also come




to our notice that in certain locations, campaigns are being run by a few persons, which undermine the efforts of Banks in enforcing their rights over the securities charged to the Banks," the RBI said.

According to the central bank, such entities are misrepresenting that dues to financial institutions including banks need not be repaid.

"Such activities undermine the stability of financial institutions and, above all, the interest of the depositors. It may also be noted that associating with such entities can result in direct financial losses." Members of the public are cautioned not to fall prey to such false and misleading campaigns and report such incidents to law enforcement agencies.

# एक्टिवा सवार की ट्रक ने ली जान

## ◆ सड़क हादसे में घायल ने भी दम तोड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। देवास नाका पर एक सडक़ हादसे में एक्टिवा सवार की मौत हो गई। वह अपनी साइट से घर आ रहे थे। इसी दौरान हादसे का शिकार हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम लिये एमवाय अस्पताल भेजा है। इधर टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है। इसी प्रकार सडक़ हादसे में घायल एक व्यक्ति ने दम तोड़ दिया।**

लसूडिय़ा पुलिस ने बताया कि घटना एस्सार पेट्रोल पंप के पास सोमवार शाम की है। आनंद (50) राम पिता मोतीलाल पांचाल निवासी कालिंदी गोल्ड अपनी एक्टिवा वाहन से घर की तरफ आ रहे थे। तभी उन्हें तेज रफ्तार लापरवाही पूर्वक एक लोडिंग वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में आंनद को गंभीर चोटें आईं। इसके चलते उनकी मौत हो गई। रात करीब 9 बजे बेटे विपिन ने अपने पिता के मोबाइल पर कॉल किया। जिस पर पुलिसकर्मियों ने फोन उठाने के बाद आनंद के एक्सीडेंट होने की बात कही। बाद में परिजन एमवाय पहुंचे। परिवार के मुताबिक आंनद फर्नीचर का काम करते हैं। अलग-अलग जगह पर उनका फर्नीचर बनाने का काम चल रहा है। आनंद के परिवार में उनके चार बच्चे हैं। पुलिस के मुताबिक पंप के आसपास फुटेज निकालकर टक्कर मारने वाले वाहन को जब्त किया जाएगा।

इसी प्रकार एक अन्य घटना 7 दिसम्बर की रात में मानपुर घाट के पास हुई यहाँ केटर्स का काम करने वाले युवक हादसे का शिकार हो गए इस हादसे में सतीश पुत्र अजब सिंह निवासी डेहरी देवास की मौत हो गयी। जबकि गाड़ी के ड्राइवर सहित 14 लोग घायल हुए है। सभी इंदौर ओर देवास के रहने वाले है बताया जाता है कि सभी शादी में शनि शिगणापुर ऑर्डर पर गए रास्ते मे इनके वाहन को ट्रक ने टक्कर मार दी थी। जिसमे घायल सतीश की मौत हुई है।

# कंपनी के दो कर्मचारियों से लूट

### बाइक सवार बदमाश चाकू दिखाकर ढाई लाख ले गए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बाणगंगा इलाके में चार दिन पहले लूट की वारदात हो गई। मामले में शिकायती आवेदन लेने के बाद सोमवार को पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। पुलिस अब चार आरोपियों की तलाश में जुट गई है। वही रात के फुटेज निकाले जा रहे है।**

पुलिस के मुताबिक विशाल पिता दिलीप चंद्रावत निवासी स्कीम नंबर 74 ने बताया कि वह अपने साथी महिपाल सिंह देवड़ा के साथ लेमन सिटी वेयर हाउस के पास पालिया रोड़ पर जा रहा था। इस दौरान बाइक सवार चार बदमाशों ने उन्हें रोका ओर दोनो के बैग से करीब ढाई रूपये लूटकर अपने साथ ले गए। आरोपियों ने विशाल का पर्स भी छीन लिया। जिसमें 8 हजार रूपये कैश,मोबाइल ओर बाइक की चॉबी भी छीनकर ले गए।

विशाल ने बताया कि दोनो पिरामिड फिन सर्व प्रायवेट लिमिटेड कंपनी में नौकरी करते है। यहां विशाल सेल्स आफिसर के पद पर पदस्थ है। उन्होंने बताया कि दोनो के पास कंपनी का कलेक्शन था। जो अपने अपने बैग में रखा हुआ था। बाणगंगा पुलिस के अफसरो के मुताबिक घटना रात की थी। जिसमें काफी दूर तक फुटेज चेक किये गए। इसके बाद मामले में केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### डिलेवरी बॉय को चाकू मारा रूपये छीने

इंदौर के एरोड्रम इलाके में भी डिलेवरी बॉय को बाइक सवार दो बदमाशों ने रोका ओर चाकू मारकर रूपये छीनकर फरार हो गए। इसके बाद पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर दोनो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस के मुताबिक भारत वास्कले निवासी पवनपुरी ने बताया कि विक्रम हाईलिंक सिटी इलाके में पार्सल देने गया। इस दौरान वह वापस आने लगा तो बाइक सवार दो बदमाशों ने उसे रोका ओर ओर विवाद करते हुए नशा करने के लिये रूपये मांगे। इस दौरान पवन ने इंकार किया तो आरोपियों ने चाकू निकालकर पैर में मार दिया। इसके बाद पवन के गिरने पर जेब में रखे केश रूपये लेकर फरार हो गए। पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर दोनो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

# दो पक्षों में विवाद, 4 से अधिक घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महू के सारवन मोहल्ले मे दो पक्षों मे विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बड़ गया की पथराव तक होने लगे। पूरा विवाद पानी भरने की बात पर हुआ था। यह विवाद बच्चों से शुरू हो कर बड़ों तक जा पहुंचा।**

मामला इतना बड़ गया कि एक पक्ष ने धारदार हथियार और पत्थरों से हमला किया। घटना में 4 लोग घायल हुए, जिन्हें कोतवाली पुलिस ने मेडिकल के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया। विवाद के बाद शहर के कोतवाली थाने पर बड़ी संख्या में भीड़ इक_ी हो गई, जिनमें महिलाएं भी मौजूद थीं। दो पक्षों के इस विवाद मे एक पक्ष द्वारा यह आरोप लगाया कि सरवन मोहल्ले मे किराने की दुकान से शराब की बिक्री की जा रही है। इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। देर रात मामले की जानकारी लगते ही एडिशनल एसपी रुपेश द्विवेदी, सिमरोल थाना प्रभारी, बडग़ोंदा थाना प्रभारी बल के साथ महू थाने पहुंचे और पूरे मामले को संज्ञान में लिया। घायलों को देर रात ही इंदौर के एमवाय अस्पताल रेफर किया गया।

## अज्ञात युवक की लाश मिली

**इंदौर।** समीपस्थ औद्योगिक नगरी पीथमपुर के सेक्टर एक थाना क्षेत्र की संजय जलाशय चौकी के अंतर्गत आने वाले मुंबई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग के संजय जलशाय के सामने पुल के नीचे एक युवक की लाश मिली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, राहगीर की सूचना पर पुलिस दल मौके पर पहुंचा, तो पाया कि एक युवक की लाश पड़ी है। युवक करीब चालीस वर्षीय दिख रहा है। उसके शरीर पर चोट या अन्य कोई निशान नहीं है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। मृतक नीले जर्सी व पेंट पहने हुए है। आस-पास के इलाकों में युवक की पहचान के लिए कोशिश की जा रही है। प्रथम दृष्टया ज्यादा नशे के चलते मौत होना प्रतीत हो रहा है। युवक के शव का पंचनामा बना कर शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया जा रहा है। आगे की जांच जारी है।


### छठवीं मंजिल से गिरे बच्चे का मामला ...

# लापरवाह बिल्डर पर केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। किशनगंज थाना क्षेत्र में आने वाली आयुष्मान रेसिडेंसी में रविवार को छठवीं मंजिल से एक बच्चा छत से डग में गिर गया था। उसका इलाज इंदौर के निजी अस्पताल में जारी है, फिलहाल बच्चे के हाथ पैर में गंभीर चोट लगी है। डेढ़ महीने पहले इसी बिल्डिंग से एक मजदूर की गिरने से भी मौत हो चुकी है लेकिन उसके बावजूद भी बिल्डर ने टैरेस के डग को बंद नहीं करवाया।**

बिल्डिंग में रहने वाले रहवासियों ने कई बार इसकी शिकायत बिल्डर को की, लेकिन वह लापरवाही करता रहा जिसके कारण रविवार को फिर एक बच्चा डग से नीचे जा गिरा। इधर, मामले को संज्ञान में लेते हुए रविवार देर रात बिल्डर के खिलाफ किशनगंज पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। एडिशनल एसपी रूपेश द्विवेदी ने बताया बिल्डर तपन रावत के खिलाफ किशनगंज थाने में लापरवाही का मामला दर्ज किया है, जिस पर धारा 337 और 288 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। फिलहाल अभी बच्चे का इलाज अस्पताल में जारी है। आगे और भी धारा बढ़ाई जाएगी। कई दिनों से रहवासी बिल्डर को छत की डग सही करवाने का बोल रहे थे, लेकिन बिल्डर लापरवाही कर रहा था।


DETECTIVE GROUP
Detecting the truth
विवाह के बंधन में बंधने से पहले एक बार तहकीकात ज़रूर करवाएँ
लीजिये डिटेक्टिव की मदद
+91-91110 50101
www.detectivegroup.in

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक